# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, उत्तराखंड

परीक्षा अनुभाग कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना परिसर, अल्मोड़ा– 263601

परीक्षा नियत्रंक

www.ssju.ac.in Email- coessju@gmail.com


पत्रांक संख्या : SSJU/Exam/2024/3992 दिनांक 26.04.2024

## कार्यालय आदेश

मा0 कुलपति महोदय की स्वीकृति के क्रम में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के शैक्षिक सत्र 2022–23, सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयोग प्रकरण से संबधित मामलों का निस्तारण करते हुए निर्णय लिया गया है कि, विद्यार्थी को संबंधित प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण माना जाएगा तथा विद्यार्थी को संबंधित प्रश्नपत्र में बैक परीक्षा देनी होगी। इसके साथ ही निर्णय को समाहित करते हुए परीक्षाफल घोषित किया जाता है। अतः उक्त मामले से संबंधित विद्यार्थी आवश्यकतानुसार प्रश्न पत्र का बैक फार्म भर सकते है।

साथ ही परिसरों/महाविद्यालयों से प्राप्त ऐसे मामले जिसमें विद्यार्थी के स्थान में अन्य विद्यार्थी परीक्षा भवन में उपस्थित होकर परीक्षा दे रहा थे, जिसमें परिसर/महाविद्यालय ने अपने स्तर से भी ये निर्णय लिया है कि विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित करते हुए, आगामी सेमेस्टर हेतु प्रवेश निरस्त किया जाता है। अतः उक्त मामले पर विश्वविद्यालय स्तर से भी विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित करते हुए, आगामी सेमेस्टर हेतु प्रवेश निरस्त समझा जाए।

निर्णय को संबंधित विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियत्रंक

Controller Of Examination
Soban Singh Jeena University
Almora-263601
(Uttarakhand)

प्रतिलिपि–

1. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोडा।
2. परिसर निदेशक, समस्त परिसर/प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोडा।
3. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
4. विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी को समस्त मीडिया संस्थानों को सूचना के प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित।
5. विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 ऐजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक